A

809

SECOND TERMINAL EVALUATION - 2017

Third Language

HINDI

Time : 90 Minutes
Maximum Score : 40

STD : VIII

सामान्य निर्देश

- 15 मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'इंद्रधनुष धरती पर उतरा' चित्रकथा का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

> लड़के ने उसे विदा दी। वर्षा की बूँदें बरसने लगीं। पूर्व में सूर्य की किरणें झलकने लगीं। सात रंगोंवाला इंद्रधनुष चमकने लगा। सप्तम फिर से अपना घर पहुँच गया था।

1. लड़के ने किसे विदा दी? (1)

2. सप्तम की माँ परेशान थी। सप्तम को वापस देखकर वह बहुत खुश हुई। सप्तम और माँ के बीच की संभावित बातचीत को आगे बढ़ाएँ। (चार विनिमय) (4)

माँ : कहाँ गए थे? मैं बहुत परेशान हो गई थी।
सप्तम : धरती पर।
माँ : ....
सप्तम : ....
माँ : ....
सप्तम : ....
माँ : ....
सप्तम : ....
माँ : ....
सप्तम : ....

अथवा

धरती से घर वापस आया सप्तम बहुत खुश था। उसकी उस दिन की डायरी लिखें।

सूचना : 'मेरे बच्चे को सिखाएँ' पत्र का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 से 5 तक के उत्तर लिखें।

> हो सके तो उसे यह ज़रूर सिखाएँ कि मेहनत से कमाया एक पैसा भी हराम में मिली नोटों की गड्डी से कहीं अधिक मूल्यवान होता है।

3. ऊपर का कथन किसका है? सही उत्तर चुनकर लिखें। (1)
(अरुण गाँधी का, अब्राहम लिंकन का, टीचर का, गाँधीजी का)

4. बेटा कमाता है। (1)
यहाँ **'बेटा'** के बदले **'बेटी'** शब्द का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें।

5. किस पैसे का मूल्य अधिक होता है? अपना विचार लिखें और उसका समर्थन करें। (3)

सूचना : दोहा पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नाहिं, फल लागै अति दूर।।

सही उत्तर चुनकर लिखें।

6. इस दोहे के रचयिता कौन हैं? (1)

क) सूरदास ख) तुलसीदास

ग) कबीर घ) रहीम

7. इनमें से कौन-सा आशय दोहे से ज़्यादा समानता रखता है? (1)

क) परोपकार करना चाहिए ख) मीठी बातें करनी चाहिए

ग) कठोर व्यवहार करना चाहिए घ) नम्रतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए

8. प्रस्तुत दोहे का आशय लिखें। (2)

सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?' लोककथा का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

शाहंशाह बूढ़ी महिला के शब्दों की सादगी से प्रभावित हुए। वे उनके आगे अदब से झुके और फिर मुड़कर बीरबल से कहा, "तुम सच में भाग्यशाली हो जो तुम्हें इतनी समझदार गुरू मिली।"

9. समानार्थी शब्दों का मिलान करें। (4)

बूढ़ी	औरत
महिला	अध्यापक
सच	वृद्धा
गुरू	सत्य

10. 'तुम' शब्द के बदले 'मैं' शब्द जोड़कर वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

तुम भाग्यशाली हो।

सूचना : 'डॉक्टर के नाम मज़दूर का पत्र' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 और12 के उत्तर लिखें।

बहुत ज़्यादा काम
और बहुत कम भोजन ने
दुबला कर दिया है हमें
नुस्खे पर लिखते हो
"और वज़न बढ़ाओ"
यह तो वैसा ही है
दलदली घास से कहो
कि वह खुश्क रहे,

11. 'दलदली घास का खुश्क रहना' और 'वज़न बढ़ाना' -इन प्रयोगों का क्या मतलब है? (2)

12. इन पंक्तियों के आधार पर गरीब मज़दूर की हालत पर **टिप्पणी** लिखें। (4)

अथवा

इन पंक्तियों की **आस्वादन टिप्पणी** लिखें।

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।

जीवन का आधार वृक्ष है,
धरती का शृंगार वृक्ष है।
प्राणवायु दे रहे सभी को,
ऐसे परम उदार वृक्ष है।
देते शीतल छाँव वृक्ष है,
फल-फूलों की खान वृक्ष है।
लाखों जीव बसेरा करते,
जैसे सुंदर गाँव वृक्ष है।

शृंगार - അലങ്കാരം
खान - ഖജനാവ്
छाँव - തണൽ
बसेरा - താവളം

13. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। (1)

14. 'पेड़ का महत्व' विषय पर लघु लेख लिखें। (लगभग 80 शब्द) (4)

अथवा

प्रस्तुत कवितांश का आशय लिखें।

सूचना : 'बात उस मंगलवार की' डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।

> यहीं जंगल के बीच यह सभी मेरे क्लीनिक हैं। मुझे इसी तरह का डॉक्टर बने रहना है। यही काम मुझे अच्छा लगता है। और इसी काम का मुझे रोज़ इंतज़ार रहता है।

15. डॉक्टर रमणी अटकुरी के चरित्र की कौन-सी विशेषता यहाँ प्रकट होती है? (1)
(निड़रता, निष्क्रियता, निस्वार्थता, निसंगता)

16. अपने कर्तव्य निभाने में समर्पण भावना रखनेवाली डॉक्टर रमणी अटकुरी का अभिनंदन करते हुए **पत्र** लिखें। (4)

सूचना : 'इस बारिश में' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 17 से 19 तक के उत्तर लिखें।

> अगली फसल होते ही सब चुकता कर दूँगा
> अब तो मेरी झूठी
> यह गुज़ारिश भी चली गई
> उसी के पास अब मेरी बारिश भी चली गई

17. 'अब तो मेरी झूठी यह गुज़ारिश भी चली गई' - किसकी? (1)

18. आशय का विस्तार करके वाक्य-पिरमिड की पूर्ति करें। (2)



19. 'अगली फसल होते ही सब चुकता कर दूँगा, अब तो मेरी यह झूठी गुज़ारिश भी चली गई।' ऐसा क्यों कहा गया है? (2)